उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
तुलसी गंगा काम्पलेक्स, 19–सी, विधानसभा मार्ग
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस में कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती (सामान्य चयन)–2016

चयन परिणाम

संख्या:पीआरपीबी–अनु–6–प–16/2016 दिनांक:दिसम्बर 21,2016

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या:डीजी–चार–115(75) 2012 दिनांकित 16–10–2015 के द्वारा प्राप्त अधियाचन के आधार पर बोर्ड द्वारा सूचना/विज्ञप्ति संख्या: पीआरपीबी–एक–3(22)/2015 दिनांक 17 फरवरी, 2016 प्रकाशित कराते हुए तथा इस सम्बन्ध में विस्तृत सूचना/विज्ञप्ति संख्या: पीआरपीबी–एक–3(22)/2015 दिनांक 23 फरवरी, 2016 बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित करते हुए कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के 1865 पदों पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के पदों पर सीधी भर्ती(सामान्य चयन)–2016 की चयन प्रकिया के अन्तर्गत कम्प्यूटर टंकण परीक्षा एवं मूल अभिलेखों की जांच में सफल अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों की श्रेष्ठता के आधार पर आरक्षण के सुसंगत प्राविधानों के अधीन बोर्ड द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के 1865 पदों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का परिणाम घोषित कर दिया गया है जिनके विवरण निम्नवत है:–

(क) लम्बवत श्रेणी

क0सं0	लम्बवत श्रेणी	पदों की संख्या	भरे गये पद	अनभरी रिक्तियां
1	अनारक्षित	934	933	*01 पद आरक्षित
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	503	502	*01 पद आरक्षित
3	अनुसूचित जाति	391	155	236
4	अनुसूचित जनजाति	37	–	37
	कुल योग	**1865**	**1590**	**273**

टिप्पणी–(1)– उपयुक्त अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के कारण अनुसूचित जाति श्रेणी में 236 एवं अनुसूचित जनजाति श्रेणी में 37 कुल–273 बिना भरी रह गयी रिक्तियों को अग्रेनीत किया गया है।

टिप्पणी–(2)– *रिट याचिका संख्या: 22257/2016 शिशुपाल सिंह यादव बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांकित 24–10–2016 तथा रिट याचिका संख्या: 26298/ 2016 मो0 शारिक बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांकित 04–11–2016 के अनुपालन में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में 01 तथा अनारक्षित श्रेणी में 01 कुल–02 पद सम्बन्धित याची के लिए आरक्षित है।

(ख) क्षैतिज श्रेणी

क0सं0	क्षैतिज श्रेणी	पदों की संख्या	भरे गये पद	अनभरी रिक्तियां
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	37	07	30
2	भूतपूर्व सैनिक	93	–	93
3	महिला	373	106	267

टिप्पणी– क्षैतिज आरक्षित श्रेणी में उपयुक्त अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता के फलस्वरूप पदों को अन्य पात्र अभ्यर्थियों से भरा गया।

2.1– यह चयन अभ्यर्थियों की शारीरिक स्वस्थता एवं चरित्र सत्यापन में उपयुक्तता के अधीन है।

3–<u>कटआफ मार्क्स</u>– कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए के 1865 पदों के सापेक्ष लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षण के अधीन अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कटआफ मार्क्स निम्नवत हैः–

(क) <u>लम्बवत श्रेणी</u>

क0सं0	लम्बवत श्रेणी	कटआफ मार्क्स
1	अनारक्षित	*113.75
2	अन्य पिछड़ा वर्ग	90
3	अनुसूचित जाति	80

टिप्पणी– *कटआफ मार्क्स–113.75 पर उपलब्ध 73 अभ्यर्थी में से सामान्य वर्ग के 21 अभ्यर्थी (सूची संलग्न) प्रस्तर–4 में दी गयी Tie-Break की व्यवस्था के आधार पर चयनित नहीं हुए।

(ख) <u>क्षैतिज श्रेणी</u>

क0सं0	क्षैतिज श्रेणी	कटआफ मार्क्स
1	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित	95
2	महिला	81.25

4– संगत सेवा नियम में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ऐसे अभ्यर्थी जो बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें तो अधिमानी अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा। ऐसे अभ्यर्थी जो बराबर–बराबर अंक प्राप्त करें एवं उनके पास कोई अधिमानी अर्हता न हो तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी का नाम सूची में ऊपर रखा जायेगा । अतः अन्तिम चयनित अभ्यर्थी के कट ऑफ पर समान अंक पाने वाले सभी अभ्यर्थियों का चयनित होना आवश्यक नहीं है।

5– यह चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी अपना चयन परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर अपना अनुक्रमांक व जन्मतिथि डालकर देख सकते है।

6– यद्यपि इस चयन परिणाम को वेबसाइट पर अपलोड किये जाने में पर्याप्त सावधानी बरती गयी है फिर भी किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि के लिए बोर्ड उत्तरदायी नहीं होगा और न ही त्रुटि पाये जाने पर इस त्रुटिपूर्ण अंकन का किसी को किसी प्रकार का लाभ या अधिकार प्राप्त होगा या अनुमन्य होगा।

7– यह चयन परिणाम सर्वसाधारण के लिए सूचित किया जा रहा है। अतः जो सूचनाएं इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रही हैं, उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

21/1/16

अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ ।